मेरा संकट कटने वाला है

मेरा संकट कटने वाला है॥
बजरंग बलि की किरपा से,
मेरा संकट कटने वाला है।
बजरंग बलि की किरपा से,
अब छप्पर फटने वाला है॥

मेरी अर्जी अटकी पड़ी वहाँ,
अब जाकर उसकी नजर पड़ी॥
जल्दी से जल्दी मेरा भी,
अब सौदा पटने वाला है,
बजरंग बली की किरपा से,
मेरा संकट कटने वाला है।

मेरी अर्जी पढ़कर धीरे से,
मेरे हनुमान जी मुस्काये ॥
मैं समझ गया अब मेरा भी,
मेरा नसीब बदलने वाला है,
बजरंग बली की किरपा से,
मेरा संकट कटने वाला है।

भक्ति और शक्ति हाथो में,
और दौलत इनके चरणों में॥
सर रख दिया इनकी चोखट पर,
मुझे सबकुछ मिलने वाला है,
बजरंग बली की किरपा से,
मेरा संकट कटने वाला है।

वो सुखी रहेगा जीवन भर,
और मौज करेगा घडी घडी॥
हनुमान के चरणों में रहकर,
जो इसको रटने वाला है,
बजरंग बली की किरपा से,
मेरा संकट कटने वाला है।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1879/title/mera-sankat-katne-vala-hai-bajrang-bali-ki-kirpa-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |